Fallopian tube recanalisation

# Cherish womanhood

फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन

# स्त्रीत्व का आनंद



WOCKHARDT
HOSPITALS

विभाग : व्हॅस्कुलर एवं इंटरव्हेंशनल रेडिओलॉजी

## ■ Fallopian tube recanalisation

You and your partner have been trying to conceive but have been unable to do so. You probably have undergone several tests and examinations for infertility workup and have learned that there is a blockage in one or both of your fallopian tubes.

There are chances that your doctor may suggest you to undergo "Fallopian Tube Recanalization" . This is an x-ray procedure in which a special catheter is used to open the fallopian tubes without surgery, allowing you to conceive naturally.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन ?

आप और आपका जोडीदार दोनों गर्भधारणा कोशिश कर रहे हैं मगर अब तक असफल रहे। संभव है कि आप वंध्यत्व से उबरने के लिए कई जांचो और परीक्षणों से गुजर चुकी हैं और जान गई हैं कि आपकी एक या दोनो फेलोपियन ट्यूब में अवरोध है। संभव है कि आपके डॉक्टर ने आपको फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन की सलाह दें। यह एक एक्सरे पद्धती है, जिसमें शस्त्रक्रिया के बिना फॅलोपियन ट्यूब एक विशेष कॅथेटर द्वारा खोली जाती है ताकि आप प्राकृतिक रूप से गर्भधारण कर सकें।

## ■ What is Fallopian tube recanalisation?

Normally, eggs produced by the ovaries pass down fine, narrow tubes called ovarian or Fallopian tubes, to reach the womb, or uterus. If either or both of these tubes are blocked, then the chances of becoming pregnant are very reduced. Sometimes the blockage may only be a plug of mucus, which can be flushed out by passing a very fine plastic tube, called a catheter, through the neck of the womb and then into the Fallopian tube. This procedure is known as Fallopian tube recanalisation.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन क्या है ?

सामान्यतः अंडाशय में निर्मित अंडे महिन फॅलोपियन या ओवेरियन ट्यूब नामक नलिकाओं व्दारा गर्भाशय में पंहुचते हैं। अगर एक या दोनों नलिकाओं में अवरोध हो तो गर्भधारण के अवसर घट जाते हैं। कभी कभी म्यूक्स का मात्र एक प्लग हो सकता है जिसे गर्भाशय के गले और फिर फॅलोपियन ट्यूब में कॅथेटर नामक पतली प्लास्टिक नली से डालकर निकाला जा सकता है। इस पद्धति को फॅलोपियन ट्यूब रिकॅनेलायझेशन कहा जाता है।

## ■ Why do I need Fallopian tube recanalisation?

Other tests will have shown that one or both of the tubes leading from your ovaries to the uterus have become blocked. This may well be preventing you from conceiving. It is possible that you may require an operation to try and unblock the tubes, but Fallopian tube recanalisation may be all that is necessary.

### ■ मुझे फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन की जरूरत क्यों है ?

अन्य परीक्षणों से ज्ञात हुआ होगा कि अंडाशय से गर्भाशय जानेवाली एक या दोनों नलिकाओं में अवरोध है। इसके कारण आप शायद गर्भधारण नहीं कर पा रही है। हो सकता है कि ट्यूब  खोलने के लिये शायद शस्त्रक्रिया की जरूरत हो, मगर इसके लिये संभवतः फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन ही काफी हो।

## ■ Who does Fallopian tube recanalisation?

A specially trained doctor called a Interventional radiologist. Interventional radiologists have special expertise in using x-ray equipment, and also in interpreting the images produced. They need to look at these images while carrying out the procedure.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन कौन करेंगें ?

इंटरवेन्शनल रेडियोलॉजिस्ट नामक विशेष प्रशिक्षित डॉक्टर। इंटरवेन्शनल रेडियोलॉजिस्ट को एक्स रे उपकरणों के उपयोग में महारथ होती है और बनी हुई तस्वीरों को समझने की भी । प्रक्रिया के दरम्यान उन्हे इन तस्वीरों को देखना होता है।

## ■ Where will the procedure take place?

In the Catheterization Laboratory.


### ■ प्रक्रिया कहां की जायेगी ?

कॅथेटरायझेशन लॅबोरेटरी में।

## ■ Are there any risks or complications?

Fallopian tube recanalisation is a very safe procedure, but there are some risks and complications that can arise.Perhaps the biggest problem is that the procedure is unsuccessful, and it does not prove possible to unblock the Fallopian tubes. Very rarely, infection can be introduced into the inside of the pelvis, but this can generally be treated satisfactorily with antibiotics.

### ■ क्या इसमें कोई खतरा या समस्याएं है ?




फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन एक सुरक्षित पद्धति है मगर कुछ समस्याएँ या खतरे पैदा हो सकते है । सबसे बडी समस्या तब खडी होती है जब यह असफल हो और फॅलोपियन ट्यूब का अवरोध खत्म करना संभव नहीं हो पाता। कभीकभार पेट के निचले भाग में संसर्ग हो सकता है, मगर इसे एन्टीबायोटिक्स का प्रयोग कर सामान्यतः ठीक किया जा सकता है।

## ■ When in the menstrual cycle should the Fallopian tube recanalization be performed?

It should be performed at approximately day six to eleven of the menstrual cycle which is after the cessation of menses and before ovulation.

### ■ मासिक चक्र के किस समय मे फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन किया जाना चाहिए ?

इसे मासिक चक्र के लगभग छठे से ग्यारहवें दिन के बीच करना चाहिये, जो मासिक रक्तस्त्राव के विराम के बाद और अंडे पैदा होने के पहले होता है।

## ■ What are the indications and contraindications to fallopian tube recanalization (aka. Tuboplasty)?

A proximal fallopian tube occlusion is often due to the accumulation of mucus or debris forming a plug in the proximal portion of the tube. This may happen in both tubes or simply in one of the two fallopian tubes. Patients with a proximal occlusion benefit from the Fallopian tube recanalization procedure.

In fact, the American Society for Reproductive Medicine has recommended that patients who have proximal tubal obstruction undergo this procedure prior to any other more invasive procedures.

The contraindications of the procedure are active uterine bleeding, active pelvic infection, recent surgery and current pregnancy.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन कब करनी चाहिये और कब नहीं ?

प्रॉक्झीमल फॅलोपियन ट्यूब अवरोध नलिका के दूरस्थ भाग में म्यूक्स या अवशेषों से बनने वाले प्लग के कारण अधिकतर होता है। यह एक या दोनों फॅलोपियन ट्यूब में हो सकता है। वे महिलाएं जिन्हे प्राक्झीमल अवरोध हो, उन्हे फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन से फायदा होता है।

दरअसल, अमेरिकन सोसायटी फॉर रीप्राडॅक्टीव मेडिसिन ने अन्य शस्त्रक्रियाओं से पहले प्राक्झीमल ट्यूबल अवरोध के रोगियों को यह पद्धति अपनाने की सलाह दी है।

सक्रिय गर्भाशय, रक्तस्त्राव, सक्रिय श्रेणी संसर्ग अभी अभी शस्त्रक्रिया हुई हो या वर्तमान में गर्भवती हों, तो इसे नहीं करना चाहिये।

## ■ How long will it take?

Every patient's situation is different, and it is not always easy to predict how complex or how straightforward the procedure will be. It may be over in 20 minutes, or very occasionally it may take longer than 60 minutes. As a guide, expect to be in the Cath - Lab for about an hour altogether.

### ■ इसे करने में कितना समय लगेगा ?

हर रोगी की परिस्थिति भिन्न होती है अतः यह प्रक्रिया जटिल होगी या सरल, कहना आसान नहीं है। यह २०मिनिट में हो सकती है या कभी इसे घंटेभर से अधिक भी लग सकता है। बस इतनां समझिये कि कॅथ लॅब में लगभग एक घंटा लग सकता है।

## ■ What are the results associated with the Fallopian tube recanalization?

If potency can be restored during the procedure which occurs in approximately 65-90 percent of cases reported conception rates in the literature are approximately 33 percent. A small proportion of the patients re-occlude their Fallopian tubes and require a repeat procedure about 8 months to 1 year later.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन से जुडे परिणाम कौनसे हैं ?

अगर प्रक्रिया के दरम्यान कार्य पुनः सुचारू रूप से चलने लगे, जो कि ज्ञान केसेस में लगभग ६५-९० प्रतिशत होता है, तो गर्भधारण की संभावना आकडों के अनुसार ३३ प्रतिशत है। बहुत कम रोगियों में फॅलोपियन ट्यूब में अवरोध पुनः हो जाता है और ८ महिने से वर्षभर में यह प्रक्रिया दोहरानी पडती है।

## ■ What are the potential complications of Fallopian tube recanalization?

Serious Fallopian tube recanalization complications are extremely rare. Mild bleeding and fallopian tube perforation can occur but are usually without sequelae. Infections and contrast reactions can occur as well but again are very rare. Sometimes after Fallopian recanalization there is slight increased risk of an ectopic pregnancy(Tubal Pregnancy).

### ■ फॅलोपियन ट्यूब  रीकॅनेलायझेशन के बाद क्या समस्याएं आ सकती हैं।

फॅलोपियन ट्यूब  रीकॅनेलायझेशन के बाद गंभीर समस्याओं प्रमाण बहुत कम है। अल्प रक्तस्त्राव और फेलोपियन ट्यूब में छिद्र हो सकते हैं मगर बिना किसी भविष्यकालीन रोग के। संसर्ग और विरोधी प्रतिक्रिया (रिएक्शन) हो सकती है, मगर यह भी बहुत कम बार होता है। कभी कभी फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन के बाद गर्भाशय के बाहर गर्भधारण का खतरा हो सकता है।

## ■ What are the results of Fallopian Tube Recanalisation?

The results of this new procedure are encouraging; fallopian tube recanalisation has been successful in a large percentage of patients undergoing the exam.

To date, no serious complications have resulted from this procedure. The procedure generally takes less than one hour and often is completed in less than 20 minutes.

The radiation dose to the ovaries is kept to a minimum and during this phase of the menstrual cycle, it does not pose a risk of fetal malformation.

### ■ फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन के उत्साहवर्धक परिणम कौनसे हैं?

इस नई प्रक्रिया के परिणाम उत्साहजनक हैं, फॅलोपियन ट्यूब रीकॅनेलायझेशन परीक्षा से गुजरने वाले रोगियों में काफी ज्यादा सफल रहा है।

अब तक इस प्रक्रिया से कोई गंभीर समस्या ज्ञात नही है । इसके लिये सहसा एक घंटे से कम समय लगता है और ज्यादातर तो २० मिनिट से भी कम समय में संपन्न हो जाती है ।

अंडाशय को दी जानेवाली रेडियेशन का मात्रा न्यूनतम रखी जाती है और मासिक चक्र के इस काल में भ्रूण के व्यंग की कोई संभावना नहीं बनती ।

## ■ Finally...

Some of your questions should have been answered by this leaflet,but remember that this is only a starting point for discussion about your treatment with the doctors looking after you.

Fallopian tube recanalisation is considered a very safe procedure, designed to save you having a larger operation. There are some slight risks and possible complications involved, and although it is difficult to say exactly how often these occur, they are generally minor and do not happen very often.

### ■ अंततः ...

आपके कुछ प्रश्नों के उत्तर तो इस पत्रक से मिल गए होगे। मगर याद रखे कि आपके डॉक्टर से आपकी चिकित्सा के बारें में चर्चा का ये बस आरंभिक पडाव है ।

फॅलोपियन टयूब रीकॅनेलायझेशन एक अत्यंत सुरक्षित प्रक्रिया है, जो आपकी बडी शस्त्रक्रिया से  बचाने के लिये बनाई गई है। इसमें कुछ खतरे या संभावित समस्याएं हैं और कह नहीं सकते कि कितने प्रमाण में हो सकती है परंतु सामान्यतः ये बहुत छोटी होती है और हमेंशा नहीं होती है ।


**24 Hr. FULLY EQUIPPED EMERGENCY MANAGEMENT SERVICES**

For Vascular (Blood vessel)/Pulse related emergency, call our 'Emergency management Services at

**0712-6534400**


Department Vascular & Interventional Radiology


WOCKHARDT
HOSPITALS

1643, North Ambazari Road, Nagpur 440 033.
Ph.: 0712 - 6624444, 2222844. Fax: 0712 - 2222266.
Website : www.wockhardthospitals.net